सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
भाद्र 25, मंगलवार, *शाके* 1947- सितम्बर 16, 2025 Bhadra 25, Tuesday, Saka 1947- September 16, 2025	

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, सितम्बर 01, 2025

संख्या प.10(न.पा.)(गठन)(चुनाव)डीएलबी/25/17281:-राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 3 एवं 10 तथा राजस्थान नगर पालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलक्टर डीग द्वारा स्थानीय निकाय नगर पालिका कामां हेतु वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर प्राप्त आपत्तियों के संबध में प्रस्ताव, अपने अभिमत सहित प्रेषित किये गये हैं। वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात राज्य सरकार उनके अभिमत से सहमत है तथा उनके द्वारा प्रस्तावित वार्ड गठन के प्रारुप आदेश को अनुमोदित करती है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं ।

राज्यपाल की आज्ञा से,

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर,
निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव।

<u>नगर पालिका कामां का सीमा विवरण प्रपत्र-क वर्ष-2025</u>

वार्ड न.	वार्डो के सीमाकंन का विवरण	जनसंख्या
<u>1</u>	मनोहर पंजाबी के मकान दुकान से शुरू होकर उत्तर की ओर चलते हुए सडक क्रास कर दुकान हीजडान को शामिल कर आदर्श विधा मंदिर को शामिल कर पुल नौनेरा रोड तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर के0पी0 ड्रेन की पटरी पर होते हुए मनीराम पैलेस को शामिल कर पालिका सीमा को लेते हुए जुरहरा रोड क्रास कर बांये हिस्से को लेते हुए महाप्रभू जी की बैठक को शामिल कर गिरधारी जी के मंदिर को लेते हुए कच्चे रास्ते तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर बझेरू जाटव के खेत को शामिल कर रामतलैया को शामिल कर कुंए तक यहां से बांये हिस्से को लेते हुए रा0 अनुसूचित जाति छात्रावास को शामिल कर जयन्ति की टाल को लेते हुए सडक क्रास कर सिचांई विभाग कार्यालय को शामिल कर चुंगी चौकी देहली गेट तक यहां से उत्तर की ओर	**<u>1190</u>**

	मुडकर बांये हिस्से के मकानों को लेते हुए झारपीर मंदिर को शामिल कर पुनः मनोहर पंजाबी के मकान दुकान तक।	
2	खेमचन्द जांगिड से शुरू होकर दक्षिण की ओर बांये हिस्से को लेते हुए सोहनलाल सैनी के खेतों को शामिल कर गोपीनाथ जी मंदिर के राजा वाले खेत को शामिल कर बांये हिस्से को लेते हुए पूर्व की ओर मुडकर रा0उ0प्रा0संस्कृत विधालय को शामिल कर सामुदायिक भवन तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर ज्ञानी खटीक के मकान को शामिल कर नन्दन खटीक के मकान को लेते हुए सडक क्रास कर झम्मन खटीक के मकान को लेते हुए शिब्बा खटीक के मकान को लेते हुए पूर्व की ओर चलकर हल्ली खटीक के मकान को शामिल कर रास्ता क्रास कर छज्जू खटीक के मकान को शामिल कर सडक तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर चेतू खटीक के मकान को शामिल कर दीपचन्द बघेल गडरिया के मकान तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर बड्डन खटीक को लेकर कल्लू हरिजन के मकान को शामिल कर सुन्दर हरिजन के मकान को शामिल कर बृजमोहन हरिजन के मकान को लेते हुए वाल्मिकी मंदिर तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर बांये हिस्से को लेते हुए लक्ष्मीनारायण की चक्की तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर पूजा स्थल को शामिल कर नन्नू नाई को लेते हुए सरमन कुमार के मकान को शामिल कर हरिसिंह कुम्हार को लेते हुए बांये हिस्से को लेते हुए छज्जू पाराशर के मकान को शामिल कर पुनः खेमचन्द जांगिड तक।	**1014**
3	दुकान मकान पातीराम जाटव से शुरू होकर पश्चिम की तरफ मकान भूरीलाल खटीक वटेरा खटीक को शामिल कर राधेलाल खटीक के मकान को लेते हुए रेवती खटीक के मकान को शामिल कर चेतू खटीक के मकान तक यहां से दक्षिण की ओर मुडकर रमेश खटीक हरमहेन्द्र पंजाबी के मकान दुकान को शामिल कर बाबू कोली के मकान तक यहां से बांये हिस्से के मकान कोलियों को लेते हुए चेनसुख हरियाणा ब्राहम्ण के मकान तक यहां पूर्व की ओर मुडकर मंदिर गोपीनाथ जी की बुर्ज तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर गोपीनाथ जी के मंदिर के सामने तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर मकान श्याम जोगी जगनी माली को लेते हुए मदन सैनी की दुकान तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर बांये हिस्से को लेते हुए हरसुख पंजाबी की चक्की को शामिल कर पुनः दुकान मकान पातीराम जाटव तक।	**980**
4	सुभाष हरियाणा ब्राहम्ण के मकान से पश्चिम की ओर चलते हुए मकान मोती माली को शामिल कर बारहदरी कुंए की प्याऊ तक यहां से सडक क्रास कर लीला रामजीलाल माली के मकानों को लेते हुए उत्तर की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकानों को शामिल कर सडक पहाडी रोड पर चलते हुए बंसल की बाउण्ड्री तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकानों को लेते हुए खचेरा कुम्हार के मकान को शामिल कर कच्चे रास्ते चलते हुए पालिका सीमा को शामिल करते हुए दक्षिण की ओर चलते हुए पुल पहाडी रोड तक	**1185**

	यहां से पूर्व की ओर मुडकर सडक पहाडी रोड पर चलते हुए बांये हिस्से को शामिल कर देवीगेट को शामिल कर सडक क्रास कर जगन्नाथ मीना के मकान को शामिल कर पुष्पेन्द्र सरदार को लेते हुए दर्शन पंजाबी के मकान तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर आज़ाराम के मकान को शामिल कर सडक क्रास कर बांये हिस्से को शामिल कर बच्चू मीणा के मकान तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर बांये हिस्से को लेते हुए विशन मीणा के मकान तक यहां से सडक क्रास कर पूर्व की ओर मुडकर सांवलिया मीणा के मकान को लेते हुए रामजीलाल हरियाणा ब्राहम्ण ईशरी के कुंआ को शामिल कर दुर्गा ब्राहम्ण को शामिल कर दामोदर पटवारी के मकान को लेते हुए नारायण किशन के मकान तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकानों को लेते हुए तन्वी स्कूल को शामिल कर पुनः सुभाष हरियाणा ब्राहम्ण।	
5	गिर्राज हरियाणा ब्राहम्ण के मकान से शुरू होकर पश्चिम की तरफ चलते हुए बांये हिस्से के मकानों को शामिल कर सोनीराम वकील के मकान को शामिल कर कुम्हारन के मकानों को शामिल कर सडक क्रास कर उत्तर की ओर मुडकर सांवलिया मीना के पुराने मकान को शामिल करते हुए पश्चिम की ओर मुडकर बांये हिस्से को लेते हुए नन्नू रज्जन मीणा के मकान तक यहां से सडक क्रास कर हरी मीना के मकान को शामिल कर अमरचन्द मीणा को शामिल कर गुरूद्वारे तक यहां से पूरब की ओर मुडकर सुरजीत सरदार के मकान को शामिल कर भागमल पंजाबी के मकान को लेते हुए धर्मजीत के मकान तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकान रामदास मीणा को शामिल कर सडक क्रास कर ईदगाह को लेते हुए रमन बच्चू मीणा के नौहरे को शामिल कर मंशा देवी को शामिल करते हुए बांये हिस्से को लेते हुए सिंघल पेट्रोल पम्प को शामिल करते हुए गुंडगांवा कैनाल के पुल तक यहां से दक्षिण की ओर मुडकर घाटी के बाग को शामिल कर पालिका सीमा को लेते हुए करमूका रोड तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर श्याम जोगी के मकान को लेते हुए गयाकुण्ड को शामिल कर राउमावि गोपीनाथ तक यहां से सडक क्रास कर रामचन्द मीणा, शिम्भू मीणा के मकान को शामिल कर कल्लू लोधा के मकान दुकान को शामिल करते हुए भुल्ली लोधा के मकान दुकान तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर पप्पू लोधा बृजेन्द्र लोधा के मकान को शामिल कर बाली पुजारी परूषोत्तम रेडियो वाले के मकान तक यहां से गली में मुडकर बांये हिस्से के मकान मोहन श्याम बिजली वाले के मकान शिवराम जांगिड ब्राहम्ण के मकान को शामिल कर जगदीश हरियाणा ब्राहम्ण को शामिल करते हुए पुनः गिर्राज हरियाणा ब्राहम्ण के मकान तक।	**1150**
6	बृजबिहारी दफ्तरी के मकान से शुरू होकर बांये हिस्से के मकानों को शामिल कर मलखान लोधा के मकान को शामिल कर भगवत ब्राहम्ण, शैलेश ब्राहम्ण के मकान को शामिल कर रूपवसन्त वैद्य के मकान को लेते हुए रघुवीर, सोहन सैनी के मकान तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर गिरधारी सैनी के	**980**

	मकान को लेते हुए मोहर सिंह सैनी का मकान मुरारी भट्टाचार्य, हजारी भट्टाचार्य को शामिल कर मंदिर गोपीनाथ जी के सामने सडक तक यहां से दक्षिण की ओर मुडकर डालचन्द ब्राहम्ण को शामिल कर हरी मोहन ब्राहम्ण तक यहां से रास्ता क्रास कर पश्चिम की ओर मुडकर मकान देवेन्द्र ब्राहम्ण, सोनू के मकान को शामिल कर रामवती देवी पूर्व पार्षद के मकान तक यहां से दक्षिण की ओर मुडकर नारायण, किशन हरियाणा ब्राहम्ण को लेते हुए शिवराम जांगिड ब्राहम्ण तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर राजेश पुजारी ड्राईवर तक यहां से सडक क्रास कर मथुरा जांगिड ब्राहम्ण के मकान को शामिल करते हुए राजू वैश्य के मकान को शामिल कर कल्लन लोधा के मकान तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर करन केसरिया लोधा के मकान को शामिल कर पुनः बृजबिहारी दफ्तरी के मकान तक।	
7	- बालकिशन मीना के कमरे से शुरू होकर पूर्व की ओर चलते हुए बांये हिस्से के मकानों को शामिल कर तेजसिंह, रामसहाय मीना को लेते हुए नन्नू मास्टर के मकान को शामिल कर कुतरनी मीना के मकान से सडक क्रास कर बाली लोधा के मकान चौपाल लौधान को लेते हुए गिरधारी लोधा के मकान तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकान दारासिंह लोधा बदले माली के मकान को शामिल कर परसादी सैनी के मकान तक सडक क्रास कर देवी मंदिर को लेते हुए मकान गोपाल बिजली वाले को लेते हुए उत्तर की ओर मकान कोलीयान को शामिल कर देवकरण कोली के मकान तक यहां से दक्षिण की ओर मकान डब्बू ब्राहम्ण से सडक क्रास कर मकान झब्बू माली चौपाल मालियान मकान बालमुकन्द सैनी व राम गोपाल फौजी के मकान को शामिल कर लेखराज वकील मंदिर नरसिंह जी व मोती दफ्तरी के मकान को शामिल कर श्रीचन्द अध्यापक के मकान को लेते हुए बदले मीना के मकान को शामिल कर पुनः बालकिशन मीना के कमरे तक।	**1130**
8	श्योनारायण माली के मकान से शुरू होकर दक्षिण की ओर के बांये हिस्से के मकान जुगला खाती, गोपाल खाती के मकानों को शामिल कर कुलदीप पटेल के मकान को लेते हुए पदम लोधा के मकान को शामिल कर बृजकिशोर पूर्व अध्यक्ष के मकान को शामिल कर गिरधर लोधा के मकान तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर दोली लोधा के मकान को शामिल कर बांये हिस्से के मकानों को लेते हुए उत्तर की ओर चलकर भारत लोधा के मकान तक यहां से सडक क्रास कर पूर्व की ओर चलते हुए नानगा लोधा, बच्चू लोधा के मकानों को शामिल कर छत्तर लोधा के मकान को शामिल कर ओर मुडकर बांये हिस्से के मकान नन्दलाल सैनी के मकान को शामिल करते हुए उत्तर की ओर केशव देव सैनी के मकानों को शामिल कर कुलदीप पटेल के नौहरे को शामिल कर खेमचन्द परसादी के मकानों को शामिल कर हरी सैनी के मकान तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकानों को लेते हुए पुनः श्योनारायण माली के मकान तक।	**1060**

9	भीमली मीना के मकान से शुरू होकर बांये हिस्से चौपाल मीना को शामिल कर पश्चिम की तरफ चलते हुए बांये हिस्से के मकानों को लेते हुए बालजी मीना के मकान को शामिल कर हरी मीना तक यहां से दक्षिण की तरफ चलते हुए बांये हिस्से के मकानों को शामिल कर जोगियों के मकान को लेते हुए निहाल मीणा के मकान को शामिल कर सडक क्रास कर करमूका रोड पर बांये हिस्से के मकानों को शामिल कर कुलदीप पटेल के कुएं को लेते हुए व पालिका सीमा को शामिल कर उत्तर की ओर मुडकर बांये हिस्से को शामिल कर सडक पहाडी रोड क्रास कर पल्टू माली का मकान शामिल कर महादेव मंदिर को लेते हुए पश्चिम की ओर मुडकर किशोरी लोधा के मकान को शामिल कर बांये हिस्से को लेते हुए दुलीचन्द लोधा अध्यापक के मकान को लेते हुए दक्षिण की तरफ गली में मुडकर बांये हिस्से को शामिल कर चौपाल लौधान को लेते हुए रामसिंह लोधा के मकान को शामिल कर पप्पू लोधा के मकान तक यहां से दक्षिण की ओर मुडकर सडक क्रास कर उदयराम नीतू लोधा के मकान को शामिल कर धोबियों के मकानों को शामिल कर पुनः भीमली मीना के मकान तक।	**1075**
10	भजन सैनी के मकान से शुरू होकर दक्षिण की तरफ चलते हुए पहाडी रोड क्रास कर बादीपुरिया के मकान को लेते हुए कोमल लोधा के मकान को शामिल कर पालिका सीमा को लेते हुए रतन सुनार की बगीची को शामिल कर उत्तर की ओर चलकर अगमा की पुलिया तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर दुकान मकान को लेते हुए एमपीएस स्कूल से सडक क्रास कर परसी की डेयरी को शामिल कर सडक क्रास कर हरी तेली की दुकान तक पूरब की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकानों एवं दुकानों को शामिल कर बाबू तेली के मकान एवं दुकान को शामिल कर दामोदर लाल की फूटी दुकानों को शामिल कर सीधे चलते हुए मूली साईकल वाले की दुकानों को शामिल कर कैलाश जैन तक यहां से पुलिस चौकी को शामिल कर एवं सिनेमा हॉल को शामिल कर रघुवीर छत्ता वाले कोटेश्वर महादेव ओमप्रकाश पण्डा चौरासी खम्भा शामिल कर मंगतू सैनी के नोहरे तक यहां से दक्षिण की तरफ सोनपाल आडतिया, तुलसी पटेल का नोहरे को शामिल कर रघुनाथ सैनी के मकान तक यहां से रास्ता क्रास कर पुनः भजन सैनी के मकान तक।	**1180**
11	धूरिया पंडा के खेत से शुरू होकर भजन बंजारे के मकान को शामिल कर मूलचंद ब्राहम्ण के मकान तक यहां से सडक क्रास कर बाबू गोपाल गढिया के मकान को शामिल कर बिजली घर को लेते हुए बांये हिस्से को शामिल कर पालिका सीमा को लेते हुए उत्तर की ओर मुडकर गोविन्द गंज को शामिल कर सडक क्रास कर रामजीलाल गुर्जर के मकान को शामिल कर मिश्री ब्राहम्ण के मकान को शामिल कर जमुना प्रसाद के मकान तक यहां से सडक क्रास कर उत्तर की ओर मुडकर कन्हैया के प्लॉट को लेते हुए तेजभान महावीर के मकान तक यहां पश्चिम की ओर मुडकर डल्ला तेली के मकान को	**980**

	शामिल कर सडक क्रास कर मनोहरी राधे वैश्य के मकान को लेते हुए पूरन कोली की दुकान तक यहां से दक्षिण की ओर मुडकर बांये हिस्से के दुकान मकान को लेते हुए वैश्य की चक्की तक यहां से सडक क्रास कर कैलाश डाक्टर की दुकान को लेते हुए गोपाल वैश्य की चक्की को शामिल कर तमोलिया के मकानों को शामिल कर बांये हिस्से को लेते हुए पुनः धूरिया पंडा के खेत तक।	
12	शिखर जैन की दुकान से दक्षिण की ओर चलते हुए बांयी हिस्से दुकान मकानों को लेते हुए सेवादास तम्बाकू वाले की दुकान तक यहां पूर्व की ओर मुडकर मुन्शी पटवारी का मकान शामिल कर मंदिर को शामिल कर मूली वैश्य कपडे वाले के मकान तक यहां से सडक क्रास कर दामोदर वैश्य सुरेश वैश्य न पा के मकान को लेते हुए लक्ष्मीनारायण ब्राहम्ण के मकान तक यहां पूर्व की ओर मुडकर मुरारी नाई के मकान को लेते हुए जगन तुलसी के मकान तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर शान्ति पनवाडी के मकान को शामिल कर श्रीचन्द गुर्जर के मकान को लेते हुए मदन पोस्ट मास्टर के मकान तक यहां से सडक क्रास कर शिवरचरन नाई के मकान को लेते हुए गली में चलकर बाबू चौधरी के मकान तक यहां से सडक क्रासकर अमरचन्द वैश्य के मकान को लेते हुए पूर्व की तरफ चलते हुए बल्देव ब्राहम्ण के मकान तक यहां से उत्तर की ओर चलते हुए गुर्जरों के मकानों को शामिल कर गोपाल जी के मन्दिर को शामिल कर पश्चिम की ओर राधारमन वैश्य के मकान तक यहां से रास्ता क्रास कर भगवान वैश्य के मकान के बांये हिस्से को लेते हुए पुजारी की दुकान तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर बांये हिस्से की दुकानों को लेते हुए पुनः शिखर जैन की दुकान तक।	
13	निरोत्तम पूर्व चेयरमेन की पुरानी टाल से शुरू कर पूर्व की ओर चलते हुए बगीची घेर कोरियान को शामिल कर प्रेमदी गुर्जर के मकान को शामिल कर सडक क्रास कर गंगाराम जाट के मकान को लेते हुए चन्दा ब्राहम्ण की दुकान तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकान योगेश के मकान को शामिल कर बृजबिहारी मास्टर के मकान को शामिल कर बाबू वर्गी के मकान तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर डल्ला पटवारी के मकान व निहाल गुर्जर, बडी बाखर को शामिल कर ओमप्रकाश गुट्टी के मकान तक यहां से दक्षिण की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकानों को शामिल कर भूपसिंह गुर्जर की बैठक तक यहां से सडक क्रास कर कुन्दन लाल अध्यापक को लेते हुए अनिल तोमर के मकान को लेते हुए बल्ला ब्राहम्ण के मकान को शामिल कर निरोत्तम पूर्व चेयरमेन की पुरानी टाल तक।	
14	गऊशाला मदन मोहन जी मंदिर से शुरू होकर सडक क्रास कर मन्दिर चन्द्रमा जी शामिल कर पदम वैश्य के मकान को शामिल कर दक्षिण की ओर मुडकर मंदिर चित्रगुप्त को शामिल कर चन्दा वर्गी के मकान तक यहां से सडक क्रास कर राधे की टाल को शामिल कर एम0सी0एल0 स्कूल को शामिल कर उत्तर	

	की ओर मुकट महल को शामिल कर बांये हिस्से को शामिल कर पालिका सीमा को शामिल कर लंका जसोदा को शामिल कर चामड मंदिर को शामिल कर उत्तर की ओर मुडकर डीग रोड तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर बांये हिस्से को लेते हुए पाई वाले के मकान को शामिल कर गणेश जी मन्दिर को लेते हुए विलायती के आरे तक यहां से सडक क्रास कर उत्तर की ओर चलते हुए नजरबाग को शामिल कर बंध पर चलतें हुए बांये हिस्से को लेते हुए खेमू भगत के मकान को शामिल कर बालमुकन्द वकील के मकान तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर नेमी पटवारी के मकान को शामिल कर धन्ना माली के मकान तक यहां से दक्षिण की ओर मुडकर बांये हिस्से को लेते हुए दामोदर पटवारी के मकान तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर शिव चरण के मकान को शामिल कर धौला कुंआ को लेते हुए सडक तक यहां से नजरबाग को शामिल कर सरमन के मकान को लेते हुए पश्चिम की ओर चलकर बांये हिस्से के मकान को लेते हुए सत्यपाल के मकान तक यहां से गली में मुडकर चतुर्भज सैनी के मकान को शामिल कर नन्दन माली के मकान को लेते हुए पुनः गऊशाला मदन मोहन जी मंदिर तक।	
15	तहसील कार्यालय से शुरू होकर पश्चिम की ओर चलते हुए बांये हिस्से के मकानों को शामिल कर रास्ता क्रासकर दिलीप बाबू के मकान को शामिल कर रामअवतार वैश्य के मकान तक यहां बांये हिस्से के मकानों को लेते हुए रामस्वरूप कोली के मकान तक यहां से बांये हिस्से को लेते हुए हरी जाटव के मकान तक यहां पूर्व की ओर चलकर रास्ता क्रास कर प्यारे जाटव के मकान तक यहां दक्षिण की ओर चलते हुए गोपाल धोबी के मकान व सैययद को शामिल कर बन्ध पर चलते हुए परमार के स्कूल को शामिल कर बांये हिस्से को लेते हुए डीग रोड तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर सडक सडक चलते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर को शामिल कर मंदिर महाप्रभू जी तक यहां सडक क्रासकर बांये हिस्से को लेते हुए सबलाना सडक को क्रासकर पालिका सीमा को लेते हुए बांके बिहारी कॉलेज को शामिल कर बालाजी मंदिर को शामिल कर पालिका सीमा को लेते हुए उत्तर की ओर मुडकर सडक कनवाडा रोड तक यहां पश्चिम की ओर मुडकर डीग बाईपास रोड को शामिल कर पुनः तहसील कार्यालय तक।	
16	श्याम जाट के मकान से शुरू होकर पूर्व की ओर बांये हिस्से के मकान को शामिल कर बलराम ब्राहम्ण के मकान को लेते हुए मूलचन्द वैश्य पथराली वाले के मकान को शामिल कर कामेश्वर महादेव मंदिर को शामिल कर पंचपीर स्थान पंचमुखी महादेव को लेते हुए पक्की सडक पर बांये हिस्से के मकानों को शामिल करते हुए श्याम जाट की दुकानों तक व यहां से उत्तर की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकान दुकान को लेते हुए श्याम जाट की जमीन के कोने तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर अनामिका स्कूल को शामिल कर देवी पथवारी मंदिर को शामिल करते हुए सत्यनारायण ब्राहम्ण के मकान	

	को शामिल करते हुए छुट्टन साहिल के मकान को शामिल कर बांये हिस्से को शामिल कर मजलिस खां के मकान को लेते हुए सिटी शाला के ग्राउन्ट तक यहां से दक्षिण की ओर मुडकर देवकीनन्दन वकील व हरीराम अध्यापक के मकान को शामिल कर पुनः श्याम जाट के मकान तक।	
17	कृष्णदत्त पोस्टमास्टर के मकान से पूर्व की ओर चलकर मकान बनवारी वैश्य को शामिल कर प्रहलाद अहीर के मकान को लेते हुए भगवान अध्यापक के मकान को शामिल कर गिर्राज नाई के मकान तक सडक क्रासकर पूर्व की ओर चलकर रामस्वरूप सैकेट्री के मकान को लेते हुए धन सिंह के मकान तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर नन्नू नाई के मकान को शामिल कर रा0उ0मा0वि0 को शामिल कर मुलखराज पंजाबी के मकान को शामिल कर सडक क्रास कर गोपाल वकील की दुकान को शामिल कर सचदेवा भवन को लेते हुए बदले गुर्जर के मकान तक दक्षिण की ओर मुडकर बांये हिस्से को लेकर पूर्व की ओर मुडकर सुन्दर पंजाबी के मकान को लेते हुए ज्ञान की चक्की तक यहां से सडक क्रास कर खाण्डल धर्मशाला को लेते हुए सूरज अध्यापक के मकान को शामिल कर डा0 रामदास को शामिल कर सडक क्रास कर गिरधारी चिम्मन के मकान को शामिल कर वजीर पंजाबी के मकान को शामिल कर गली में बायें हिस्से के मकान लक्ष्मण निरोत्तम सैनी के मकान को शामिल कर भगवान पंजाबी तक यहां से दक्षिण की ओर हरनारायण घडी वाले की दुकान तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकान दुकानों को लेते हुए रामचन्द्र चायवाले की दुकान तक यहां से सडक क्रास कर नगरपालिका कार्यालय को शामिल कर पुस्तकालय को लेते हुए बांये हिस्से को शामिल को पुनः कृष्णदत्त पोस्टमास्टर तक।	
18	बाबूलाल जाट के मकान से शुरू होकर दक्षिण की ओर चलकर जगदीश कोली के मकान तक यहां से पूर्व की ओर चलकर बाबू कोली के मकान को शामिल कर गली में चलकर कन्हैया कुम्हार के मकान को लेते हुए किशन कन्डक्टर के मकान तक यहां से रास्ता क्रास कर लक्ष्मण वैश्य के मकान को लेते हुए फूलचन्द अध्यापक के मकान तक यहां उत्तर की ओर मुडकर महेन्द्र के मकान को लेते हुए बांये हिस्से के मकान को लेते हुए रास्ता क्रास कर श्याम जाटव के मकान को लेते हुए स्वामीराम मास्टर के मकान को लेकर उत्तर की तरफ मुडकर रास्ता क्रास कर सुन्दर हरिजन के मकान को शामिल कर कामेश्वर भडभूंजा के मकान को लेकर राधेश्याम के मकान तक यहां से पश्चिम को मुडकर बांये हिस्से के मकान दुकान को लेकर जगदीश ब्राहम्ण को शामिल कर बांये हिस्से के मकान को शामिल कर नत्थापन्नी की धर्मशाला तक दक्षिण की ओर मुडकर दांये हिस्से के मकान दुकान को लेते हुए पुनः बाबूलाल जाट के मकान तक।	
19	मन्दिर मदन मोहन से शुरू होकर उत्तर की ओर चलकर मनोहर नक्शा नवीस के मकान को शामिल कर पुरानी कचहरी वाली सुग्रीव माली के मकान	

	को शामिल कर मंदिर राधाबल्लभ जी को लेते हुए बांये हिस्से को लेते हुए घूडी पान वाले की दुकान तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर बाये हिस्से के मकान दुकानों को शामिल कर छत्ता वालों की धर्मशाला लेते हुए दामोदर मास्टर की दुकान तक यहां से दक्षिण की ओर मुडकर पुराना मकान श्री लाल वैश्य तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर बांये हिस्से को लेकर मोदीयों की दुकान शामिल कर निरंजन वैश्य के मकान तक यहां से सडक क्रास कर पीतलिया के मकान को लेकर बांये हिस्से के मकानों को शामिल कर बैनी मास्टर के मकान तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर लाला जाट के मकान को लेते हुए पुनः मन्दिर मदन मोहन जी तक।	
20	तोता हलवाई की दुकान से शुरू होकर बांये हिस्से के मकान व दुकानों को लेते हुए पूर्व की ओर चलकर मनोहर गायक मास्टर की दुकान तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर विपिन वैश्य के मकान को शामिल कर सडक क्रासकर बाबूलाल भगत, कन्हैया पान वाले के मकान को शामिल कर सीता साईकिल वाले के मकान को शामिल कर यहां से गली में चलकर सडक क्रास कर रूढू धोबी के मकान को शामिल कर सोनपाल धोबी के मकान तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकान सर्वोत्तम तिवाडी के मकान को शामिल कर भगवान जाटव के मकान तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर बांये हिस्से को लेते हुए रमेश हरिजन तक यहां से सडक क्रास कर कुम्हारों के मकान तक यहां से पश्चिम की ओर चलकर मकान गिर्राज बाझेरिया तक यहां से दक्षिण की ओर मुडकर प्रिन्स अटैची वाले के मकान को शामिल कर भगवान नाई के मकान को शामिल कर रास्ता काटकर होती अहीर के मकान को लेते हुए प्रभा अहीर के मकान तक यहां से दक्षिण की ओर चलते हुए जवाहर सुनार के मकान को शामिल कर स्टैट बैंक को लेते हुए गली में बायें हिस्से को लेते हुए पुनः तोता हलवाई की दुकान तक।	
21	दयाल हलवाई की दुकान से शुरू होकर दक्षिण की ओर सडक क्रासकर दयाचन्द हथन गांव वालों की दुकान को शामिल कर गोविन्द हलवाई की दुकान तक यहां से पूर्व की ओर बांये हिस्से की दुकानों को शामिल कर भागचन्द जैन की दुकान तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर जैन मंदिर तक यहां से रास्ता क्रास कर जगदीश अध्यापक के मकान को शामिल कर खेमचन्द सैकेट्री के मकान को शामिल कर रास्ता क्रासकर रमेश सुनार दीवान की हवेली, खूटेंटा की हवेली को शामिल कर नत्थी अहीर के मकान तक यहां पश्चिम की ओर चलकर कथूरिया के मकान को शामिल कर सरमन मुनीम के मकान दुकान तक यहां से दक्षिण की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकानों को शामिल कर पुराना जैन औषधालय तक यहां से सडक क्रासकर दुकान कन्हैया मंदिर गंगाजी को लेते हुए मकान बाबूलाल सीकरी वाले विष्णु नाई गेंदी चंदी के मकान को लेते हुए किशन वैश्य के मकान तक यहां से दक्षिण की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकान दुकानों को शामिल कर हीजडान को शामिल कर	

	पुनः दयाल हलवाई की दुकान तक।	
22	भागचन्द जैन अजीत की दुकान से शुरू होकर उत्तर की तरफ चलते हुए दांये हिस्से के मकान व अग्रवाल धर्मशाला लक्ष्मीनारायण वकील के मकान को शामिल कर विलायती पंजाबी के मकान को शामिल कर रेवती वैद्य के मकान को लेकर रामसिंह नाई, रघुवीर पत्रकार के मकान को शामिल कर सज्जन नाई के तक यहां पश्चिम की गली में मुडकर अमरनाथ पंजाबी के मकान को शामिल कर रमन उपाध्याय की हवेली को शामिल कर वेली पंजाबी वाला मकान सन्तोष पटवारी महावीर जैन बौलखेडा वाले के मकान को शामिल कर महावीर सक्सेना के मकान को लेते हुए नन्नूराम गौतम के मकान तक सडक क्रासकर यहां से पश्चिम की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकान यादराम बोहरे विनोद व्यास रिखब चन्द जैन को शामिल कर रामप्रसाद पारीख के मकान तक यहां से दक्षिण की ओर चलते हुए बांये हिस्से मकान दुकान जैन धर्मशाला को लेते हुए मुकट सौमका वाले की दुकान तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर बांये हिस्से मकान का लेते हुए भगवत सीकरी वाले के मकान को शामिल कर सडक क्रासकर पूर्व की ओर के मकान खण्डलेवाल धर्मशाला को शामिल का पुनः भागचन्द अजीत की दुकान तक।	
23	रामशरण जा.ब्रा. के मकान दुकान से शुरू होकर पूर्व की ओर चलते हुए बांये हिस्से के मकान दुकानों को शामिल कर ज्ञान पंजाबी की दुकान को शामिल कर दुलीचन्द जैन हलवाई की दुकान को लेते हुए गेदी चन्दी की दुकान तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकान दुकान नत्थापन्नी की दुकान रामचन्द पंसारी की दुकान मस्जिद बल्लूबास को शामिल कर सुन्दर साईकल वाले के मकान को लेते हुए तोती पुजारी के मकान को शामिल कर महाप्रभू जी के मन्दिर तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर गंगोरा वालों के स्पेलर को शामिल कर नानगा पारीख के मकान को शामिल कर सोहनलाल माली के मकान तक यहां से दक्षिण की ओर मुडकर बांये हिस्से को शामिल कर सीता मालन के मकान से सडक क्रासकर बुद्धा मैम्बर के मकान से पश्चिम को चल कर मकान प्रोतानी को लेकर कमल माली के मकान को शामिल कर नन्दो वैश्य के मकान तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकान हरी सब्जी वाले के मकान तक यहां से सडक क्रासकर दक्षिण की ओर चलकर मकान रतन आडतिया हुकम रतन जा0ब्रा0 के मकान को शामिल कर पुनः रामशरण जा0ब्रा0 के मकान दुकान तक।	
24	लाल दरवाजा हनुमान मन्दिर से शुरू होकर उत्तर को चलकर बांये हिस्से के मकान दुकान को शामिल कर परमी जैन की दुकान को शामिल कर पश्चिम की ओर मुडकर बांये हिस्से मकान दुकानों को शामिल कर किशन डाक्टर की दुकान मन्दिर खटीकान को लेते हुए नन्दा बिजली वाले के मकान तक यहां से सडक क्रास कर उत्तर की ओर राधारमण फौजी के मकान को शामिल कर दुल्ली गडरिया के मकान को शामिल कर पश्चिम की ओर सोनी गडरिया के	

	मकान तक यहां से दक्षिण की ओर मुडकर भूदत्त डा0 के मकान को शामिल कर सडक क्रासकर भूमिया बुर्ज को शामिल कर रामसिंह सैनी के मकान को शामिल कर बेनामी सैनी के मकान तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर बांये हिस्से को लेते हुए लालदास के मन्दिर को शामिल कर औषधालय को शामिल कर रघुनाथ के मकान को शामिल कर लक्ष्मण सिपाही के मकान को शामिल कर पुनः हनुमान मन्दिर लाल दरवाजा तक।	
25	बेअन्त पंजाबी के मकान से शुरू होकर पूर्व की तरफ चलते हुए रामस्वरूप खाती के मकान को शामिल कर हीरालाल डाबकिया के मकान को शामिल कर रामा तेली के मकान को लेते हुए सुरेश डा0 की दुकान तक यहां उत्तर की ओर मुडकर रजाक तेली मकान तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर जगदीश जा0ब्रा0 उदयभान जा0ब्रा0 को शामिल कर सडक क्रास कर मूलचन्द पारीख के मकान को शामिल कर प्रभू सैनी के मकान को लेते हुए गिर्राज टकसालिया मोती बजाज के मकान को शामिल कर किशन भूदर माली के मकान तक यहां से दक्षिण की ओर मुडकर सिकन्दर पंजाबी के मकान को लेते हुए हवेली प्रोहितान तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकान रामधन पंजाबी करतान पंजाबी को शामिल कर विशन जाटव के मकान को शामिल कर भाटों के मकान को शामिल कर कसाई के नोहरे तक यहां से दक्षिण की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकान मंगू हीरालाल सैनी के मकान को शामिल कर पुनः बेअन्त पंजाबी के मकान तक।	
26	मदन खचेरा जाटव के मकान से शुरू कर बायें हिस्से के मकान चरन हीरा कोली को शामिल कर नरोत्तम जाटव के मकान तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर गोपाल जाटव कपूर जाटव के मकान को लेते हुए मथुरा गेट स्कूल, मस्जिद व पूरन फकीर के मकान को शामिल कर नेतराम कुम्हार के मकान को शामिल कर यहां से दक्षिण की ओर मुडकर बांये हिस्से के कुम्हारों को लेते हुए बगीची जाटवान को शामिल कर गुटकोली जाटव के मकान तक यहां से सडक क्रास कर घूरे जाटव के मकान को शामिल कर पश्चिम की ओर चलकर बांये हिस्से के मकानों को लेते हुए दक्षिण की ओर चलकर परसादी जाटव तक यहां से पूर्व की ओर चलकर गुलाब टेलिफोन वाले को शामिल कर मदन गिरधारी के मकान को शामिल कर सडक क्रास कर पुनः मदन खचेरा जाटव के मकान तक।	
27	अविनाशी पंजाबी के मकान से शुरू होकर उत्तर की ओर चलते हुए बांये हिस्से के मकानों को लेते हुए बृजलाल पूर्व सदस्य के मकान को शामिल कर सतीश वाटर वर्क्स वाले के मकान को शामिल कर न्यायालय परिसर को शामिल कर दक्षिण की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकान बगीची कुम्हारन नूरी कसाई के मकान को शामिल कर गौपाल वैश्य महराने वाले के मकान को शामिल कर रामदेई जाटव के मकान तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकान सुभाष महेन्द्र पंजाबी को शामिल कर पुनः अविनाशी पंजाबी	

	के मकान तक।	
28	ग्यासी सैनी के मकान से दक्षिण की तरफ चलते हुए बांये हिस्से के मकानों को लेते हुए मोती बजाज के नोहरे को शामिल कर बांये हिस्से को शामिल कर सूका माली के मकान को लेते हुए किशन भुल्ली माली में मकान को शामिल कर तुलसी पटुआ के मकान को शामिल कर दांये हिस्से को लेते हुए किशन भूदर सैनी के मकान तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर पांचा उदयराम माली के मकान तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर मंदिर सैनी समाज चौपाल सैनी समाज को शामिल कर पूर्व की ओर मुडकर रास्ता क्रासकर चेतराम सैनी के मकान को शामिल कर भगवान सैनी के मकान तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकान दया मास्टर को शामिल कर भरतपुरिया के मकान तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर जोगेन्द्र पंजाबी माहेश्वरी टेलर के मकान को शामिल कर परसादी सैनी के मकान तक यहां से रास्ता क्रासकर उत्तर की ओर मुडकर बांये हिस्से को शामिल कर पुनः ग्यासीराम सैनी के मकान तक।	
29	पहाडी रोड फूलसिंह गुर्जर के नौहरे से दक्षिण की ओर चलकर महेन्द्र वकील के मकान को लेते हुए बांये हिस्से के मकानों को शामिल कर गेंदा के मकान को लेते हुए झम्मन माली के मकान को लेते हुए सुभाष जेन के मकान तक यहां से सडक क्रास कर दक्षिण की तरफ मुकन्दा गुंसाई के मकान व दर्शन सतीश के मकान को शामिल कर गिर्राज अध्यापक के मकान को शामिल कर बंगाली डाक्टर के मकान तक यहां से पूर्व की ओर ऋषिपाल पटवारी के मकान को शामिल कर सडक क्रासकर दक्षिण की तरफ बांये हिस्से के मकानों को शामिल कर सरकारी प्लाट तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर मकान महेश जेन गोपाल मुनीम तक यहां उत्तर की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकान स्वरूप शिखर फूलचन्द जैन तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर शीतल जैन तक यहां से सडक क्रास कर उत्तर की ओर बांये के मकान बुद्धी भण्डारे वाले के मकान को शामिल कर पश्चिम की ओर मुडकर मुकन्दा गोसाई के मकान तक यहां से सडक क्रास कर सुभाष जैन के मकान को लेते हुए रामशरण पूर्व अध्यक्ष को लेते हुए मंदिर गोविन्द देव जी की दुकान तक यहां से सडक क्रास कर पुष्पेन्द्र सरदार की दुकान को शामिल कर पूर्व की ओर मुडकर बांये से मुडकर धर्मचंद जैन की खाद बीज की दुकान तक यहां से सडक क्रास कर मंगल हलवाई की दुकान तक यहां से दक्षिण की ओर चलकर बुद्धी कोली के मकान तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकान को लेते हुए दुल्ली कोली के मकान तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर दांये हिस्से को लेते हुए रमेश पंजाबी की दुकान तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर बांये हिस्से की दुकान मकान को लेते हुए जांगिड की दुकान तक यहां से सडक क्रास कर जैन पार्क को लेते हुए यहां से उत्तर की ओर मुडकर वर्मा टेलिफोन वाले के मकान को शामिल कर राजू वेश्य की दुकान तक यहां से पश्चिम की ओर	

	मुडकर खचेरा सरपंच की दुकान को लेते हुए गंगा वाटिका को शामिल करते हुए हरी राम जांगिड की दुकान को शामिल कर प्याऊ तक यहां से सडक क्रास कर पुनः पहाडी रोड फूलसिंह गुर्जर के नोहरे तक।	
30	राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय से पश्चिम की ओर चलते हुए मेवान मौहल्ले को शामिल कर बांये हिस्से को लेते हुए मूली अहीर की दुकान तक यहां दक्षिण की ओर मुडकर रामसिंह हरिजन को शामिल कर महेश गुप्ता के मकान तक यहां से शिवचरण ब्राहम्ण के मकान को शामिल कर बिल्लड कोली के मकान तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर सडक क्रास कर नन्द पैट्रोल पम्प को शामिल कर पश्चिम की ओर चलकर विवेकानन्द स्कूल तक यहां से दक्षिण की ओर मुडकर बांये हिस्से को लेते हुए रविन्द्र तरगोतरा के मकान को लेते हुए यहां से गुसाईयों के मकान को शामिल कर पूर्व की ओर मुडकर सुरेश रिखब के मकान को शामिल कर सडक क्रास कर जवाहर जैन के मकान को लेते हुए ज्ञानी जैन के मकान को शामिल कर रमेश वकील पुरानी हवेली को शामिल कर गंगोरियान के मकान को शामिल कर पूरन गोसाई के मकान को शामिल कर ईश्वर अर्जुन के मकान तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर विशन ठेकेदार के मकान को शामिल कर भवानी शंकर मंदिर को लेते हुए बांये हिस्से को लेते हुए बच्चन सुनार के मकान को शामिल कर ताराचन्द पंजाबी के मकान तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर बांये हिस्से के मकानों को शामिल कर भजन लाल ठाकुर के मकान को शामिल कर पुनः रा0बा0उ0मा0वि0 तक।	
31	प्रहलाद सुनार के मकान से शुरू होकर पूर्व की ओर चलते हुए बांये हिस्से के मकानों को लेते हुए विष्णु मास्टर के मकान को लेते हुए रतन अहीर के मकान को शामिल कर बुद्धा गडरिया के मकान तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर बांये हिस्से को लेते हुए रामगंज मण्डी को शामिल करते हुए कन्हैया पान वाले की दुकान तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर बडे रामजी के मन्दिर को शामिल कर राधाबल्लभ की दुकान तक यहां से दक्षिण की ओर बांये हिस्से के मकान को लेते हुए गणेश जी मन्दिर] जितेन्द्र गुलपाडिया के मकान तक पश्चिम की ओर सडक क्रास कर रमेश तमोलिया के मकान को लेते हुए सुरेश वकील के मकान को लेते हुए यहां से दक्षिण की ओर मुडकर गोपाल मास्टर धिलावटी वाले तक यहां से सडक क्रास कर पुनः प्रहलाद सुनार के मकान तक।\	
32	कोसी चौराहा पुल की दक्षिण की ओर चलकर बांये हिस्से की दुकानों को शामिल कर गोकुल सरपंच की दुकानों को लेते हुए सडक क्रास कर नवीन जैन की दुकान शामिल कर पश्चिम की ओर घनश्याम सीमेन्ट वाले की दुकान तक यहां से दक्षिण की ओर मुडकर वाहिद डेन्टल की दुकान को शामिल कर बांये हिस्से को लेकर हनुमानशाला तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर तमोलिया मार्केट को शामिल कर सडक क्रास कर बस स्टैण्ड को शामिल कर बांये हिस्से	

	को लेते हुए पंचायत समिति को लेकर भगतसिंह पार्क तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर बांये हिस्से को लेकर स्कूल के मैदान को शामिल कर सुरेश पंजाबी के मकान को शामिल कर दांये हिस्से को शामिल कर मस्जिद सराय शामिल कर रामजीलाल सैनी के मकान को शामिल कर बांये हिस्से के मकानों को शामिल कर करतार नगर के बांये हिस्से को लेकर बाबू की दुकान डीग रोड तक यहां सडक क्रासकर डाक बंगला शामिल कर सुन्दरावली वालों के सामने कनवाडा रोड तक यहां से पूर्व की ओर चलकर बांये हिस्से को लेते हुए पालिका सीमा को लेकर के0पी0 डे^{a}न तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर के0पी0डेन पर चलते हुए बांये हिस्से को शामिल कर पुनः कोसी चौराहा पुल तक।	
33	पुल की उत्तर की पटरी पर चलते हुए बायें हिस्से को शामिल कर पूर्व की ओर चलते हुए बायें हिस्से के मकानों को लेते हुए पटरी से उतर कर अब्बास कालोनी को लेते हुए बन्शी वाली बगीची को शामिल कर अनाज मण्डी को शामिल कर मंगलराम यादव की दुकान तक यहां से सडक क्रास कर उत्तर की ओर चलकर धर्म कांटे को शामिल कर पालिका सीमा को लेते हुए टायरा रोड क्रास कर विजय डेयरी को शामिल कर दक्षिण की ओर चलकर झम्मन माली के खेत को शामिल कर कच्चे रास्ते चलकर धर्मपाल बरौली वाले के मकान तक यहां से दक्षिण की ओर के0पी0 डेन की पटली तक यहां से पटरी पर चलते हुए बांये हिस्से को लेते हुए सत्यदेव ठेकेदार मकान को शामिल कर कोहिनूर सिनेमा को शामिल कर कोसी रोड क्रास कर पुनः के0पी0 डे^{a}न के पुल तक।	
34	बुल्ला कोली की दुकान की ओर चलकर बांये हिस्से के मकानों को लेते हुए हरिजनों के मकानों को शामिल कर वाटर वर्क्स को शामिल कर मदन गोपाल की दुकानों तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर बांये हिस्से में रा0बा0उ0प्रा0वि0 से चलकर बांये हिस्से को लेते हुए हुकम की दुकान तक सडक क्रास कर सी0ओ0 आफिस] जोधपुर मिष्ठान भण्डार तक यहां से उत्तर की ओर मुडकर के0पी0 डे^{a}न पुल तक यहां से पश्चिम की ओर मुडकर बांये हिस्से को शामिल कर लाल खां के दुकान मकान तक यहां से दक्षिण की ओर मुडकर हीजडन की बगीची को शामिल कर सडक क्रास कर अम्बेडकर शामिल कर सडक क्रास कर पूर्व की ओर रामशरण गुर्जर की टाल बायें हिस्से के मकान दुकानों को शामिल कर चौधरी ऑयल मिल तक यहां से सडक क्रास कर दिनेश जैन की दुकान मकान को शामिल कर बांये के हिस्से को लेते हुए दक्षिण की तरफ चलते हुए पुनः बुल्ला कोली की दुकान तक।	
35	के0पी0डे^{a}न समसू के मकान से शुरू कर उत्तर की ओर चलकर बांये हिस्से को लेते हुए पूर्व की ओर मुडकर भोलाराम दुर्गाप्साद के मकानों को शामिल कर बांये हिस्से को लेते हुए यहां से उत्तर की ओर चलकर गुसाईयों की कृषि भूमि तक यहां से पष्चिम की ओर मुडकर पुराने ईट भट्टे को शामिल कर	

	सतवास रोड क्रास कर पालिका सीमा को लेते हुए नहर की पटरी तक यहां से पूर्व की ओर मुडकर बांये हिस्से को शामिल कर सडक क्रास कर के.पी.डेªन की उत्तर की पटरी पर चलते हुए बांये हिस्से के मकानों को लेते हुए पुनः समसू के मकान तक।	

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।